12/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर जल जीवन मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना ने महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। जल जीवन मिशन पर एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में अठहत्तर प्रतिशत  से अधिक ग्रामीण घरों में अब नल के जरिए जल की आपूर्ति हो रही हैं। 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल का पानी उपलब्ध कराने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ 15 अगस्त, 2019 को शुरू किए गए जल जीवन मिशन ने इस साल 10 अक्टूबर तक 11.96 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों में सफलतापूर्वक नल-जल कनेक्शन प्रदान किए हैं, जिससे कुल कवरेज 15.20 करोड़ से अधिक घरों तक पहुँच गई है, जो भारत के सभी ग्रामीण घरों का अठहत्तर दशमलव छह दो प्रतिशत है।

0000000000000000000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज लोकसभा में कहा कि दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने यह बात कही। श्री गडकरी ने कहा कि छह राज्यों में प्रचलित योजना जल्द ही उत्तर प्रदेश और बाद में देश के बाकी हिस्सों में शुरू की जाएगी। यह योजना सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।

श्री गडकरी ने कहा कि कैशलेस उपचार योजना ने छह राज्यों में 21 सौ लोगों की जान बचाई है, जहां यह योजना अभी लागू की जा रही है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्य स्वास्थ्य आयुक्त पवन कुमार सैन के साथ राज्य में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित विशेष सौ दिवसीय अभियान पर चर्चा की। राज्यपाल ने टीबी रोगियों की सहायता को दोगुना करने, उनके चिकित्सा में बेहतर उपकरणों के उपयोग और नई दवाओं की खोज सहित बहुआयामी प्रयासों की सलाह दी। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि विशेष 100 दिवसीय अभियान को राज्य में एक जन आंदोलन बनाना चाहिए। इस बीच, राज्यपाल ने संबंधित चिकित्सा अधिकारियों से प्रभावित लोगों तक पहुंचने और जल्द से जल्द इलाज शुरू करने की अपील की। उन्होंने कॉरपोरेट घरानों से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में भाग लेने का आह्वान भी किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष कुमार ने आज राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें प्रमुख सचिव (पीडब्ल्यूडी) कालिंग तायेंग, सेक्रेट्री प्लेलिंग आर. के. शर्मा, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि और अन्य गन्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

एक बैठक में पीएम-डिवाइन के तहत परियोजनाओं को मंजूरी देने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। व्यापक चर्चा के बाद, समिति ने 624.31 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी मंजूरी दी।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर में अरुणाचल विकास परिषद भवन का उद्घाटन किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में माध्यम से श्री खांडू ने कहा कि, “यह राज्य की स्वदेशी आस्था, संस्कृति और मूल्यों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह केंद्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शिक्षा और समुदाय निर्माण पहलों के माध्यम से इन मूल्यों को पोषित करने के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। यह पहचानना आवश्यक है कि पारंपरिक समाजों में आस्था और संस्कृति आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं। इस पवित्र भूमि में जन्मी स्वदेशी परंपराएँ और सभी धर्म इसकी धरोहर हैं जिन्हें संजोकर रखना चाहिए और संरक्षित करना चाहिए।” मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि अरुणाचल विकास परिषद राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय काम कर रही है।

00000000000000000000000

राज्य सरकार ने गत सोमवार को राज्य के प्रत्येक जिले के लिए 26 मेंटर सेक्रेट्रीज नियुक्त किए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस जानकारि को साझा करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि, यह मेंटर सेक्रेट्रीज राज्य के विकास को आगे बढ़ाने और प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह सेक्रेट्रीज न केवल विकास कार्यों की प्रगति की निगरानी करेंगे बल्कि जनता से उनकी अपेक्षाओं को और बेहतर ढंग से समझने, सुशासन सुनिश्चित करने और आवश्यक सेवाओं की सफल क्रिर्यान्वयन के लिए भी उनसे जुड़ेंगे।

0000000000000000000000

आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल, युपिया में डिप्टी कमिश्नर जिकेन बोमजेन की अध्यक्षता में जिला मलेरिया उन्मूलन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मलेरिया उन्मूलन प्रयासों की प्रगति की समीक्षा करना और जिले को मलेरिया मुक्त दर्जा दिलाने के लिए उन्नत उपायों के कार्यान्वयन की रणनीति बनाना था।

0000000000000000000000

प्रसार भारती ने आगामी हॉकी इंडिया लीग का सीधा प्रसारण करने के लिए आज नई दिल्ली में हॉकी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के साथ, दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 के लिए आधिकारिक प्रसारण भागीदार बन गया है। यह लीग इस महीने की 28 तारीख से ओडिशा के राउरकेला और झारखंड के रांची में शुरू होगी। इस अवसर पर एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा कि हॉकी देश के लिए सिर्फ एक खेल नहीं है बल्कि यह राष्ट्र की एकता और गौरव का प्रतीक भी है।

00000000000000000000